भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2754
उत्तर देने की तारीख 19 दिसम्बर, 2023
28 अग्रहायण, 1945 (शक)

राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र

2754. श्री राम मोहन नायडू किंजरापुः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे

(क) विगत चार वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान देश भर में खेलो इंडिया जैसी योजनाओं के अंतर्गत राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र (एनसीईएस) में राज्य-वार, विशेष रूप से आन्ध्र प्रदेश के कितने खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया गया है;

(ख) क्या सरकार ने देश में स्थापित किए जाने वाले एनसीई की कोई लक्ष्य संख्या निर्धारित की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार ऐसे संस्थानों की स्थापना के लिए किन संभावित स्थानों पर विचार कर रही है;

(ग) क्या सरकार मौजूदा एनसीई में अवसंरचना, कोचिंग और सुविधाओं के उन्नयन पर विचार कर रही है/किया है;

(घ) यदि हां, तो उन्नयन के अधीन एनसीई की सूची क्या है और इन्हें पूरा करने की समय-सीमा क्या है;

(ङ) क्या मंत्रालय ने आन्ध्र प्रदेश में एनसीई की स्थापना के लिए कोई सर्वेक्षण/अनुसंधान कराया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं,

(च) क्या आन्ध्र प्रदेश सरकार ने राज्य में एनसीई की स्थापना के लिए कोई प्रस्ताव/सुझाव प्रस्तुत किया है; और

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) पिछले चार वर्षों और चालू वर्ष के दौरान खेलो इंडिया स्कीम सहित खेल विभाग की विभिन्न खेल संवर्धन स्कीमों के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में स्थापित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीई) में देश भर से प्रशिक्षित होने वाले खिलाड़ियों की संख्या निम्नानुसार हैं:

क्र.सं.	वर्ष	खिलाड़ियों की संख्या
1.	2019-20	2477
2.	2020-21	2788
3.	2021-22	2641
4.	2022-23	3240
5.	2023-24	3159

उपर्युक्त अवधि में, आंध्र प्रदेश राज्य से कोई भी एथलीट एनसीई में प्रशिक्षण नहीं ले रहा था।

(ख) जी नहीं।

(ग) और (घ): जी नहीं। साई के तहत स्थापित एनसीई को एथलीटों को प्रशिक्षित करने के लिए आवश्यक अवसंरचना, कोचिंग और अन्य सुविधाओं के मामले में पहले ही उन्नत किया जा चुका है।

(ड.) जी नहीं ।

(च) और (छ): जी नहीं । आंध्र प्रदेश राज्य सरकार से एनसीई की स्थापना का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****